# सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 जनपद झॉसी।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4(1)बी के अनुसार जनपद झॉसी के पुलिस विभाग के सम्बन्ध मे निम्नलिखित सूचना प्रकाशित की जाती है।

## 1– पुलिस बल के संगठन कार्य तथा कर्तव्यो का विवरणः–

पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 3 के अनुसार जिले मे पुलिस का अधीक्षण उस राज्य मे निहित होगा जिसके अधीन ऐसा जिला होगा और इस अधिनियम के उपबन्धो के अधीन जैसा प्राधिकृत हो उसके सिवाय कोई व्यक्ति अधिकारी या न्यायालय राज्य सरकार द्वारा किसी पुलिस कर्मचारी को अधिक्रमित या नियंत्रित करने के लिये सशस्त्र नहीं किया जायेगा।

पुलिस का मूल कर्तव्य कानून–व्यवस्था व लोक–व्यवस्था को स्थापित रखना तथा अपराध नियंत्रण व निवारण तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना है। समाज के समस्त वर्गो मे सद्भाव कायम रखने हे तु आवश्यक प्रबन्ध करना, महत्वपूर्ण व्यक्तियों व संस्थानो की सुरक्षा करना तथा समस्त व्यक्तियों के जान व माल की सुरक्षा करना है। लोक जमावों और जुलूसो को विनियमित करना तथा अनुमति देना व सार्वजनिक सड़कों इत्यादि पर व्यवस्था बनाये रखना है।

जनपद पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नियंत्रण एवं निर्देशन मे कार्य करती है जनपद मे कुल 2 अपर पुलिस अधीक्षक 8 पुलिस उपाधीक्षक व 26 थानाध्यक्षो के पद सृजित है।

### 1.1 जनपद मे पुलिस का संगठन– जनपद मे पुलिस का संगठन निम्नलिखित प्रकार से हैः–

| | नाम अपर पुलिस अधीक्षक व सीयूजी नं0 | क्षेत्राधिकारी का नाम/ सर्किल/ सीयूजी नं0 | थाना | सीयूजी नं0 | थाना प्रभारी का पद (प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष) का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झॉसी, श्री बीबीजीटीएस मूर्ति, सीयूजी नं0– 9454400282 | श्रीमती प्रीति सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर सीयूजी नं0– 9454401070 | क्षेत्राधिकारी नगर/आंकिक **श्री रामवीर सिंह,** सीयूजी नं0– 9454401432 | कोतवाली | 9454403646 | निरी0 श्री राजेश कुमार दुबे |
| | | | नवाबाद | 9454403651 | निरी0 श्री रवि श्रीवास्तव |
| | | | सीपरी बाजार | 9454403659 | निरी0 श्री जयप्रकाश चौबे |
| | | | सदर बाजार | 9454403655 | निरी0 श्री महेशचन्द्र |
| | | | महिला थाना | 9454403648 | उ0नि0 श्रीमती वन्दना सिंह |
| | | क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन/यातायात **सुश्री प्रिया सिंह** सीयूजी नं0–9454401433 | प्रेमनगर | 9454403653 | निरी0 श्री तुलसीराम पाण्डेय |
| | | | रक्सा | 9454403654 | उ0नि0 श्री उदय प्रताप सिंह |
| | | | बबीना | 9454403637 | निरी0 श्री विनय कुमार साहू |
| | | | बडागॉव | 9454403638 | निरी0श्री बलिराज शाही |
| | | क्षेत्राधिकारी टहरौली अपराध श्री रक्षपाल सिंह सीयूजी नं0–9454401434 | टहरौली | 9454403660 | निरी0 श्री सुमेन्द्र सिंह |
| | | | बरूआसागर | 9454403639 | उ0नि0 श्री प्रकाश सिंह |
| | | | सकरार | 9454403656 | निरी0 श्री पप्पू सिंह |
| | | | उल्दन | 9454403662 | निरी0 श्री जय प्रकाश यादव |
| | डॉ0 अरविन्द कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नोडल अधिकारी जनसूचना, झॉसी। सीयूजी नं0– 9454401069 | क्षेत्राधिकारी मोठ कार्यालय/साइबर क्राइम सुश्री असमा वकार सीयूजी नं0–9454401436 | मोठ | 9454403649 | निरी0 श्री राजेश पाल सिंह |
| | | | चिरगॉव | 9454403640 | उ0नि0 श्री राहुल राठौर |
| | | | पूँछ | 9454403652 | निरी0 श्री वेद प्रकाश पाण्डेय |
| | | | शाहजहॉपुर | 9454403658 | उ0नि0 श्री सत्यप्रकाश शर्मा |
| | | | समथर | 9454403657 | उ0नि0 श्री अतुल कुमार |
| | | क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर श्री रत्नेश्वर सिंह सीयूजी नं0–9454401435 | मऊरानीपुर | 9454403650 | निरी0 श्री मुकेश कुमार शोलंकी |
| | | | टोडीफतेहपुर | 9454403661 | उ0नि0 श्री पवन जायसवाल |
| | | | कटेरा | 9454403645 | निरी0 श्री अमीराम सिंह |
| | | | लहचूरा | 9454403647 | निरी0 श्रीमती सरिता त्रिपाठी |
| | | क्षेत्राधिकारी गरौठा, श्री पीयूष कुमार पाण्डेय सीयूजी नं0–9454401437 | गरौठा | 9454403642 | निरी0 श्री सुरजीत संह |
| | | | एरच | 9454403641 | उ0नि0 श्री रूपेश कुमार |
| | | | गुरसरायॅ | 9454403643 | निरी0 श्री शैलेन्द्र सिंह |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | ककरबई | 9454403644 | उ0नि0 श्री योगेन्द्र सिंह |
| | | प्रतिसार निरीक्षक–श्री पन्नालाल मौर्य –9454402371,<br>वाचक व0पु0अ0– नि0 श्री शिव शंकर सिंह, 9454403663<br>टीआई–श्री मुकेश कुमार सिंह–9454457671, निरी0 एलआईयू– श्री नीरज कुमार दीक्षित–9454402064 | | | |

## 1.2 जनपद में स्थित विभिन्न इकाईयों के कार्यों के पर्यवेक्षण अधिकारी :–

समस्त इकाईयाँ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अधीन कार्य करती हैं। जिनके पर्यवेक्षण हेतु निम्न अधिकारी हैं :–

| क्र0 सं0 | ईकाई का नाम | पर्यवेक्षक अधिकारी | पर्यवेक्षक पुलिस अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | वायरलेस शाखा | सहायक रेडियो अधिकारी | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 2 | स्थानीय अभिसूचना ईकाई | क्षेत्राधिकारी एल0आई0यू0 | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 3 | फायर सर्विस | अग्निशमन अधिकारी | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 4 | नगर नियंत्रण कक्ष | सहायक रेडियो अधिकारी | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 5 | नगर नियंत्रण कक्ष ग्रामीण | सहायक रेडियो अधिकारी | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 6 | नगर नियंत्रण कक्ष नगर | सहायक रेडियो अधिकारी | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 7 | यातायात पुलिस | टी0आई0 | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 8 | नारकोटिक्स सेल | उप निरीक्षक | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 9 | वी0आई0पी0 सेल | उप निरीक्षक | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 10 | एस0आई0एस0 / एस0ओ0जी0 | निरीक्षक | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 11 | कम्प्यूटर सेल | सहायक रेडियो अधिकारी | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 12 | अभियोजनशाखा | क्षेत्राधिकारी कार्यालय | अपर पुलिस अधीक्षक नगर |
| 13 | शिकायत प्रकोष्ठ | क्षेत्राधिकारी कार्यालय | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 14 | स्थानीय अभिसूचना ईकाई | निरीक्षक | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 15 | पुलिस लाइन्स | क्षेत्राधिकारी लाइन्स | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 16 | भवन | क्षेत्राधिकारी लाइन्स | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 17 | फील्ड यूनिट | क्षेत्राधिकारी लाइन्स | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 18 | पत्र व्यवहार शाखा | क्षेत्राधिकारी कार्यालय | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 19 | आंकिक शाखा | क्षेत्राधिकारी कार्यालय | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 20 | विशेष जाँच प्रकोष्ठ | क्षेत्राधिकारी कार्यालय | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 21 | महिला सहायता प्रकोष्ठ | क्षेत्राधिकारी कार्यालय | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 22 | डी0सी0आर0बी0 | क्षेत्राधिकारी कार्यालय | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 23 | न्यायालय प्रकरण | क्षेत्राधिकारी कार्यालय | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |
| 24 | सम्मन सेल | क्षेत्राधिकारी कार्यालय | अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण |

पुलिस अधिनियम की धारा 22 के अनुसार प्रत्येक पुलिस अधिकारी सदैव कर्तव्यरूढ़ रहेगा और उसे जिले के किसी भी भाग में नियोजित किया जा सकता है। पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 24 के अनुसार प्रत्येक पुलिस अधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह पुलिस विभाग के संचालन हेतु विहित विभिन्न नियमों एवं कानूनों तथा किसी सक्षम अधिकारी द्वारा उसे विधि पूर्वक जारी किये गये सब आदेशों एवं वारण्टों का पालन एवं निष्पादन करें, लोक शांति को प्रभावित करने वाले गुप्त वार्ता कारसंग्रह करें, अपराध व लोक न्यूसेन्स का निवारण करें, अपराधियों का पता लगायें और न्यायालय के समक्ष लायें।

## 2. अधिकारियों और कर्मचारियो की शक्तियॉ एवं कर्तव्यः–

पुलिस अधिनियम पुलिस रेगुलेशन द0प्र0सं0 अन्य अधिनियमों तथा विभिन्न शासनादेशों के अर्न्तगत पुलिस के अधिकारियो / कर्मचारियो के निम्नलिखित अधिकार एवं कर्तव्य हैः–

### 2.1 पुलिस अधिनियमः–

| धारा | अधिकारियों और कर्मचारियो की शक्तियॉ एवं कर्तव्य |
|---|---|
| 7 | आन्तरिक अनुशासन बनाये रखने हेतु राजपत्रित अधिकारियों को किसी समय अधीनस्थ पदों के ऐसे |

| | |
|---|---|
| | किसी अधिकारी को दण्डित करने की शक्ति होती है जो कि अपने कर्तव्य के निर्वहन मे शिथिल एवं उपेक्षावान पाये जाये। |
| 17 | विशेष पुलिस अधिकारी की नियुक्ति के सम्बन्ध मे जब यह प्रतीत हो कि कोई विधि विरूद्ध जमाव, बलवा या शान्ति भंग हो या होने की गम्भीर संभावना हो विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त करने की शक्ति होती है। |
| 22 | पुलिस अधिकारी सदैव कर्तव्यरूढ़ माने जाते है तथा उन्हे जिले के किसी भी भाग मे नियोजित किया जा सकता है। |
| 23 | प्रत्येक पुलिस अधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसे विधि पूर्वक जारी किये गये सब आदेशो का पालन व निष्पादन करे, लोक शान्ति को प्रभावित करने वाली गुप्त वार्ता का संग्रह करे, अपराधों व लोक न्यूसेंस का निवारण करें, अपराधियो का पता लगाये तथा उन सब व्यक्तियो को गिरफ्तार करे जिनको गिरफ्तार करने के लिये वैधता प्राधिकृत है तथा जिनको गिरफ्तार करने के पर्याप्त आधार विद्यमान है। इसके लिये उसे बिना वारण्ट किसी शराब की दुकान जुआ, घर या भ्रष्ट या उदण्ड व्यक्तियो के समागम के अन्य स्थान मे प्रवेश करना और उसका निरीक्षण करना विधिपूर्ण होगा। |
| 25 | लावारिस सम्पत्ति को पुलिस अधिकारी अपने भार साधन मे ले तथा इसकी सूचना मजिस्ट्रेट को दें तथा नियमानुसार उस सम्पत्ति को निस्तारित करेंगे। |
| 30 | लोक जमावों और जूलूसों को विनियिमित करने और उसके लिये अनुमति देने की शक्ति। |
| 30क | उपरोक्त अनुमति की शर्तों के उल्लघंन करने पर थाने के भार साधक अधिकारी तथा अन्य अधिकारियो को जुलूस या किसी जमाव का रोकने या बिखर जाने के आदेश दने की शक्ति |
| 31 | सार्वजनिक सड़कों व मार्गो आम रास्तों घाटों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर व्यवस्था बनाये रखने का कर्तव्य |
| 34 | किसी व्यक्ति द्वारा किसी ढोर का बध करने उसे निर्दयता से मारने या यातना देने, ढोर गाड़ी से यात्रियों को बाधा पहुचाने मार्ग पर गन्दगी व कुड़ा फेकने मतवाले या उपद्रवी व्यक्तियो व शरीर का अशिष्ट प्रदर्शन करने पर किसी पुलिस अधिकारी के लिये यह विधि पूर्ण होगा कि वह ऐसे किसी व्यक्ति को बिना वारण्ट के अभिरक्षा मे ले ले। |
| 34क | उपरोक्त अपराध के शमन करने की शक्ति राजपत्रित पुलिस अधिकारी मे निहित है। |
| 47 | ग्राम चौकीदारो पर प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण का दायित्व |

## 2.1 <u>पुलिस रेगुलेशनः—</u>

| प्रस्तर | कर्तव्य |
|---|---|
| **12 से 16 पुलिस अधीक्षक** | जनपद पुलिस अधीक्षक जिले के पुलिस बल के प्रधान होते हैं वे अधीनस्थ पुलिस बल के दक्षता, अनुशासन एवं कर्तव्यों के पालन के लिए दायित्वाधीन होते हैं। मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स के मध्य सभी संव्यवहार पुलिस अधीक्षक के माध्यम से ही किये जाते हैं। न्यायालय के आदेशों एवं सक्षम अधिकारियों के आदेशों का पालन करना पुलिस अधीक्षक का दायित्व है।<br>पुलिस अधीक्षक यदि मुख्यालय पर उपस्थित हैं तो जनता की समस्या सुनने के लिए कार्यालय में बैठेंगे। पुलिस पेंशनर्स से उनका संपर्क होना चाहिए और उन्हें विर्निदिष्ट रीति से जिले में थानों व पुलिस लाइन का निरीक्षण करना चाहिए। आबकारी विषयों पर आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह में पुलिस अधीक्षक की व्यक्तिगत मौजूदगी एवं पर्यवेक्षण आवश्यक है। पड़ोसी जनपदों के पुलिस अधीक्षकों से यथासम्भव वर्ष में एक बार भेंट आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक द्वारा शासकीय आदेश की पुस्तिका में जिले का प्रभार सौंपे जाने वाले राजपत्रित अधिकारी द्वारा गोपनीय ज्ञापन तैयार किये जाने सम्बन्धित अंर्तविष्ट अनुदेशों का अनुसरण किया जाना चाहिए। |
| **17 सहायक पुलिस अधीक्षक एवं उपाधीक्षक** | सहायक पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किसी भी उस कार्य को किया जाता है, जो व्यक्तिगत रूप से विधि व नियमों द्वारा पुलिस अधीक्षक के लिये बाध्यकारी न हो। |
| **18 से 23 प्रतिसार निरीक्षक** | प्रतिसार निरीक्षक के रिर्जव पुलिस लाइन के भार साधक अधिकारी होते है जो कि जवानों की साज—सज्जा, अनुशासन प्रशिक्षण के उत्तरदायी होगे। आयुध व बारूद की सुरक्षित अभिरक्षा के लिये उत्तरदायी होते है। |

| | |
|---|---|
| 24 रिजर्व सब इंस्पेक्टर | रिजर्व सब इन्सपकटर प्रतिसार निरीक्षक की सहायता हेतु नियुक्त होत है जो गार्द एवं स्कोर्ट को निर्देशित करने यातायात नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था के सम्बन्ध मे प्रतिसार निरीक्षक द्वारा आदेशित प्रत्येक आवश्यक कार्य को करते है। |
| 40 से 43 सर्किल इंस्पेक्टर | सर्किल इंस्पेक्टर के कर्तव्यो के सम्बन्ध मे उल्लेख है जिसमे उसका प्रमुख्या कर्तव्य जॉच पडताल की देख–भाल और अपराध का निवारण करना, पुलिस क्षेत्र मे निवारक और अनुवेषण कार्यो मे सामन्जस्य रखना, थानो का निरीक्षण करना, सभी महत्वपूर्ण विषयों घटना स्थलों का निरीक्षण व अन्वेषण मे मार्गदर्शन करना, स्वयं अन्वेषण करना क्षेत्र की मासिक रिपोर्ट तैयार करना पुलिस अधीक्षक को प्रत्येक आवश्यक घटना की सूचना देना लाइन्सेसी दुकानो का निरीक्षण करना अधीनस्थ पुलिस के आचरण की निगरानी करना अपराधों का दमन और सामन्जस्य बनाये रखने के उत्तरदायित्व से निरन्तर आबद्ध रहना (वर्तमान मे सर्किल इंस्पेक्टर का पद विभाग मे नहीं है इस कार्यो का निर्वहन क्षेत्राधिकारी के द्वारा यथा निर्देशित रूप मे किया जाता है।) |
| 43 से 50 थानाध्यक्ष | थानाध्यक्ष अपने प्रभारी की सीमा के अन्तर्गत पुलिस प्रशासन का संचालन करता है तथा बल की सभी शाखाओं पर प्राधिकारी रखता है। वह सभी रजिस्टरो अभिलेखो विवरणियों और रिपोर्टो की शुद्धता के लिये अधीनस्थों के प्रति दायित्वाधीन होगा। उसे क्षेत्र के सभी सभ्रान्त व्यक्तियो से सुपरिचित एवं उनके प्रति मैत्रीपूर्ण सहयोग सुनिश्चित करना चाहिये। उसे थाने की परिधि के अन्दर बुरे व्यक्तियों की निगरानी समुचित तरीके के करते रहना चाहिये। थाने पर किसी भी अधिकारी के न उपस्थित होने पर सीनियर कांस्टेबिल थाने का भार साधक अधिकारी होगा किन्तु वह तफ्तीश नहीं करेगा।<br>थानाध्यक्ष द्वारा थाने का चार्ज लेने पर पुलिस फार्म नं0– 299 भरकर पुलिस अधीक्षक को सूचना भेजेगे। |
| 51 | थाने की द्वितीय अफसर का कर्तव्य प्रातः कालीन परेड कराना भारसाधक अधिकारी द्वारा सौपें गये समस्त निर्देशो को अधीनर्सी को बताना अन्वेषण करना होता है। |
| 55 हेड मोहर्रिर | हेड मोहर्रिर के कर्तव्य<br>1– रोजनामचा आम और अपराधो की प्रथम सूचना लिखना।<br>2– हिन्दी रोकड बही(पुलिस फार्म नं0– 224)<br>3– यदि पुलिस अधीक्षक आदेश दे तो धारा 174 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत पंचायतनामा लिखना |
| 61 से 64 बीट आरक्षी | कान्स0 नागरिक पुलिस द्वारा जनता की समस्याओ पर नम्रता पूर्वक विचार करना चाहिये। उनका मूल कर्तव्य अपराधों की रोकथाम करना है। थाने पर सन्तरी ड्यूटी के समय वह अभिरक्षाधीन कैदियो, कोश तथा मालखाना एवं थाने के अन्य सम्पत्तियों की रक्षा करेगा। बीट आरक्षी के रूप मे संदिग्ध अपराधियों, फरार अपराधी तथा खाना बदोश अपराधियो की सूचना प्रभारी अधिकारी को देगा। |
| 65 से 69 सशस्त्र पुलिस | सशस्त्र पुलिस के रूप मे खजानों हवालातो के संरक्षक कैदियो और सरकारी सम्पत्ति की रास्ते मे देखभाल, आयुध भण्डार, अपराध दमन तथा खतरनाक अपराधियो की गिरफ्तारी तथा उनका पीछा करना मूल दायित्व है। |
| 89 से 96 चौकीदार | ग्राम चौकीदार द्वारा अपने प्रभारीधीन गॉवों की देखरेख करना, अपराध एवं अपराधियो की सूचना देना व विधि के प्राधिकार के अधीन अपराधियो को गिरफ्तार कराने का दायित्व होता है। |

## 2.3 दण्ड प्रकिया संहिताः–

| द0प्र0सं0 की धारा | अधिकारियो / कर्मचारियो के कर्तव्य |
|---|---|
| 36 | पुलिस थाने के भार साधक अधिकारी से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जिसे थाने क्षेत्र मे नियुक्त है, उसमे सर्वत्र उन शक्तियो का प्रयोग कर सकते है जिनका प्रयोग अपने थाने की सीमाओ के अन्दर थाने के भार साधक अधिकारी द्वारा किया जाता है। |
| 41 | बिना वारण्ट की गिरफ्तारी निम्नलिखित दशाओ मे करने की शक्तियॉ<br>1– संज्ञेय अपराध की दशा मे।<br>2– कब्जे से गृह भेदन का उपकरण<br>3– उद्घोषित अपराधी<br>4– चुराई गयी सम्पत्ति की संभावना।<br>5– पुलिस अधिकारी के कर्तव्य पालन मे बाधा। |

| | |
|---|---|
| | 6— सशस्त्र बलो का भगोडा।<br>7— भारत के बाहर भारत मे दण्डनीय किया गया अपराध।<br>8— छोडे गये सिद्धदोष बन्दी द्वारा नियम उल्लघंन पर।<br>9— वांछित अपराधी। |
| **42** | नाम और निवास बताने से इन्कार करने पर गिरफ्तारी। |
| **47** | उस स्थान की तलाशी जिसमे ऐसा व्यक्ति प्रविष्ट हुआ है जिसकी गिरफ्तारी की जानी है। |
| **48** | गिरफ्तार करने के लिये प्राधिकृत पुलिस अधीकारी को उस व्यक्ति को गिरफ्तार करने की शक्ति |
| **49** | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को उतने से अधिक अवरूद्ध नहीं किया जायेगा जितना की उसके निकल भागने से रोकने के लिये आवश्यक है। |
| **50** | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को गिरफ्तार के आधारों औ जमानत के अधिकार की सूचना दिया जाना। |
| **51** | गिरफ्तार किये गये व्यक्तियो की तलाशी |
| **52** | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति से आक्रमण आयुधो को अधिग्रहण करने की शक्ति |
| **53** | पुलिस अधिकारी के आवेदन पत्र रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा अभियुक्त का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाना |
| **54** | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति के आवेदन पर रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा अभियुक्त का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाना |
| **56** | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को अनावश्यक विलम्ब अधिकारिता मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना। |
| **57** | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को 24 घण्टे से अधिक पुलिस अभिरक्षा मे निरूद्ध न रखना। |
| **58** | बिना वारण्ट गिरफ्तारियों की सूचना कार्यकारी मजिस्ट्रेट को देना। |
| **60** | अभिरक्षा से भागे अभियुक्तो को सम्पूर्ण भारत मे कहीं भी गिरफ्तार की शक्ति |
| **100** | बन्द स्थान के भार साधक व्यक्ति उस अधिकारी को जो वारण्ट की निष्पादन कर रहा है, तलाशी लेने देगे। |
| **102** | ऐसी वस्तुओ को अभिग्रहीत करने की शक्ति जिनके सम्बन्ध मे चोरी की हुई होने का सन्देह हो। |
| **129** | उपनिरीक्षक व उससे उच्च समस्त अधिकारियो को पुलिस बल के प्रयोग द्वारा जमाव को तितर बितर करने की शक्ति। |
| **130** | ऐसे जमाव को तितर बितर करने के लिये सशस्त्र बल का प्रयोग। |
| **131** | जमाव को तितर बितर करने की सशस्त्र बल के राजपत्रित अधिकारियो की शक्ति |
| **132** | धारा 129,130,131 के अधीन सद्भावना पूर्वक किये गये कार्यो के सन्दर्भ मे अभियोजिन से संरक्षण। |
| **149** | प्रत्येक पुलिस अधिकारी किसी संज्ञेय अपराध के किये जाने का निवारण करेगा। |
| **150** | संज्ञेय अपराधो के किये जाने की परिकल्पना की सूचना। |
| **151** | उक्त के सन्दर्भ मे बिना वारण्ट गिरफ्तारी का अधिकार। |
| **152** | लोक सम्पत्ति की क्षति रोकने का अधिकार। |
| **153** | खोटे बॉट मापों का निरीक्षण/अधिग्रहण। |
| **154** | संज्ञेय अपराध की सूचना प्राप्त होने पर थाने के भार—साधक अधिकारी के निर्देशानुसार लेखबद्ध की जायेगी। इत्तिला की प्रतिलिपि सूचना दाता को निःशुल्क दी जायेगी। भार साधक अधिकारी द्वारा इत्तिला को अभिलिखित करने से इन्कार करने पर किसी व्यक्ति सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक को ऐसी इत्तिला डाक द्वारा दी जा सकती है। |
| **155** | असंज्ञेय मामलो मे थाने के भार साधक अधिकारी को ऐसी इत्तिला का सार सम्बन्धित पुस्तिका मे प्रविष्टि करायेगा और इत्तिला देने वाले को मजिस्ट्रेट के पास जाने के लिये निर्दिष्ट करेगा। |
| **156** | संज्ञेय मामलों अन्वेषण करने की पुलिस अधिकारी की शक्ति। |
| **160** | अन्वेषण के अन्तर्गत साक्षियो की हाजिरी की अपेक्षा करने की पुलिस अधिकारी की शक्ति |
| **165** | अपराध के अन्वेषण के प्रयोजनो के लिये किसी स्थाना मे ऐसी चीज के लिये तलाशी ली जा सकती है जो अन्वेषण के प्रायोजन के लिये आवश्यक हो। तलाशी एवं जफ्ती के कारणो को लेखबद्ध किया जायेगा। |
| **166** | अन्वेषणकर्ता अन्य पुलिस अधिकारी से भी तलाशी करवा सकता है। |
| **167** | जब 24 घण्टे के अन्दर अन्वेषण न पूरा किया जा सके तो अभियुक्त का रिमाण्ड लेने की शक्ति। |
| **169** | साक्ष्य अपर्याप्त होने पर अभियुक्त को छोडा जाना। |
| **170** | जब साक्ष्य पर्याप्त हो तो मामलो को मजिस्ट्रेट के पास विचारण के लिये भेज दिया जाना। |
| **172** | अन्वेषण मे की गयी कार्यवाहियों को केश डायरी मे लेखबद्ध किया जाना। |
| **173** | अन्वेषण के समाप्त हो जाने पर पुलिस अधिकारी द्वारा सशक्त मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजना। |

| | |
|---|---|
| **174** | आत्माहत्या आदि पर पुलिस द्वारा मृत्यु समीक्षा करना और रिपोर्ट देना। |
| **175** | धारा 174 के अधीन कार्यवाहीकरने वाले पुलिस अधिकारी को अन्वेषण के प्रयोजन से व्यक्तियो को शमन करने शक्ति |
| **176** | पुलिस अभिरक्षा मे मृत व्यक्ति की मृत्यु समीक्षा मजिस्ट्रेट द्वारा की जायेगी। |

## 2.4 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मानवाधिकार संरक्षण सम्बन्धी निर्देशः–

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा डी0के0 बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य के वाद के निर्णय मे गिरफ्तर या निरूद्धीकरण के प्रकरणों मे पुलिस जनों के निम्नलिखित दायित्वो अवधारित किये गये है।

1– गिरफ्तारी के समय गिरफ्तारीकर्ता पुलिस अधिकारी को अपरेपद सहित नाम पट्टिका धारक की जानी चाहिये। गिरफ्तारी का सम्पूर्ण विवरण एक रजिस्टर में अंकित किया जाये।

2– गिरफ्तारी की फर्द गिरफ्तारी के मौके पर ही तैयार की जायेगी जो क्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्ति अथवा गिरफ्तारी किये गये व्यक्ति के परिवासर के किसी सदस्य द्वारा सत्यापित होगी। गिरफ्तार व्यक्ति के प्रति पर हस्ताक्षर होगें व एक प्रति उसे निःशुल्क दी जायेगी।

3– पुलिस अभिरक्षा मे उसे अपने रिश्तेदार या मित्र से मिलने दिया जायेगा तथा उसकी गिरफ्तारी की सूचना उसके निकट सम्बन्धी को दी जायेगी।

4– गिरफ्तार किये गये व्यक्ति के रिश्तेदार को निरूद्ध रखने के स्थान के बारे मे बताया जायेगा।

5– गिरफ्तार किये गये व्यक्ति से अवगत कराया जायेगा कि उसे अपनी गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे सूचित करने वह अधिकृत है।

6– गिरफ्तारी की सूचना को थाने के गिरफ्तारी रजिस्टर मे ही अंकित किया जायेगा।

7– गिरफ्तार किये गये व्यक्ति के अनुरोध पर उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया जायेगा।

8– गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की पुलिस अभिरक्षा की प्रत्येक 48 घण्टे पर प्रशिक्षित डाक्टर से चिकित्सीय परीक्षण कराया जायेगा।

9– गिरफ्तारी के सभी अभिलेखों की प्रतियॉ क्षेत्रीय दण्डाधिकारी के पास भेजी जायेगी।

10. जॉच काल मे गिरफ्तार व्यक्ति को अपने अधिवक्ता से मिलने की अनुमति दी जा सकती है।

11. गिरफ्तारी की सूचना जनपद के नियन्त्रण कक्ष मे नोटिस बोर्ड पर भी अंकित की जायेगी।

## 2.5 अपर पुलिस अधीक्षक के कर्तव्य एवं दायित्वः–

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के परिपत्र संख्याः 35/2005 दिनांक 09.07.2005 के द्वारा जनपद नियुक्ति के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक की शक्तियो और दायित्वो का निर्धारण किया गया है।

### 2.5.1 कर्तव्य–

### 2.5.1.1 संगठित अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही सम्बन्धीः–

**2.** संगठित अपराधियो तथा भाडे पर हत्या फिरौती हेतु अपहरण रोड होल्ड अप, बैंक डकैती आटोलिफ्टर मानक पदार्थो की तस्करी करने वाले हवाला व्यापर करने वाले, नक्सलवादी गैंग एवं राष्ट्र विरोधी तत्व, माफिया आदि को चिन्हित कर उनकी गैंगवार सूची तैयार करना एवं तत्सम्बन्धी सभ्ज्ञ सूचनाये एकत्र कर उन्हे पंजीकृत करान हेतु अग्रेतर कर्यवाही करना।

**3.** पंजीकृत अपराधियो का डोजियर तैयार करना।

**4.** संगठित अपराधियो के विरूद्ध कार्य योजन तैयार करके जनपदीय पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराना।

**5.** संगठित अपराधियो की गिरफ्तारी होने पर विस्तृत पूछतॉछ आख्या तैयार करना।

### 2.5.1.3 सक्रिय एवं वांछित अपराधी सम्बन्धीः–

**1.** सक्रिय एवं वांछित अपराधियो की सूची तैयार करना हिस्ट्रीशीट खुलवाना, गिरफ्तारी हेतु कर्ययोजना बनाकर दबिश दिलवाना।

**2.** फ्राड अपराधियो के विरूद्ध पुरस्कार घोषित करवाना।

### 2.5.1.3 अपराध अभिसूचना का एकत्रीकरणः–

**3.** पेशेवार अपराधियो की अभिसूचना एकत्रीकरण हेतु स्त्रोत बनाना।

**4.** जेल मे बन्द पेशेवर अपराधियो की जानकारी करना।

5. जेल से छूटने वोल पेशेवर अपराधियो की निगरानी।
6. अन्य माध्यमो से अपराधिक अभिसूचना एकत्रीकरण।

**2.5.1.4 विशेष अपराधो के सम्बन्ध मेः—**

1. समस्त विशेष अपराधो के घटना स्थल का निरीक्षण।
2. क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही विवेचनाओ की पर्यवेक्षण आख्या।
3. क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही विवेचना वाले एस0आर0 केस, राजनितिक हत्या 2 या 2 से अधिक व्यक्तियो की हत्या बलात्कार के साथ हत्या, ऐसी सत्या जो सामान्य कानून को प्रभावित करती हो, डकैती फिरौती अपहरण हत्या सहित लूट सनसनीखेज लूट, पुलिस अभिरक्षा से पलायन पुलिस अभिरक्षा मे मृत्यु गैंगेस्टर एक्ट के केसो को छोडकर भोश समस्त एस0आर0 केश की क्रमागत आख्या का अनुमोदन (प्रथम व अन्तिम को छोडकर) अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जायेगा।

**य**—क्षेत्र के थाना प्रभारियो एवं क्षेत्राधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित करना।
**र**—फिक्स पिकेट एवं गस्त की योजना बनाकर प्रभावी व्यवस्था करना।
**ल**—क्षेत्र के समस्त थानो का दो माह मे एक बार अर्दली रूम करना।

## 2.6 संसद व विधानमण्डल द्वारा समय—समय पर पारित अन्य विविध अधिनियमों और शासनादेशों द्वारा प्रदत्त शक्तियॉ तथा उनसे अपेक्षित कर्तव्यः—

संसद व विधान मण्डल समय—समय पर पारित अन्य अधिनियमों व शासन व उच्चाधिकारी स्तर से समय—समय पर निर्गत आदेशों व निर्देशों द्वारा भी पुलिस बल को दिशा—निर्देश न प्राप्त होते रहते है जिनके आधार पर पुलिस बल से अपेक्षित कार्यो का सम्पादन किया जाता है।

## 3. निर्णय लेने की प्रक्रिया की कार्यविधि के पर्यवेक्षण व उत्तरदायित्व के स्तरः—

### 3.1 अनुसंधान / विवेचनाः—

| क0सं0 | कार्यवाही | र्काय स्तर | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्र0सू0रि0 का पंजीकरण | 164 द0प्र0सं0 के अनुसार संज्ञेय अपराध की सूचना प्राप्त होने पर थाने के भार—साधक अधिकारी के द्वारानिर्देशानुसार लेखबद्ध की जायेगी। इत्तिला की प्रतिलिपि सूचना दाता को निः—शुल्क दी जायेगी। भार साधक अधिकारी द्वारा इत्तिला को अभिलिखित करने से इन्कार करने पर किसी व्यक्ति द्वारा सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक को ऐसी इत्तिला डाकद्वारा दी जा सकती है। | अविलम्ब |
| 2 | साक्षियों का परीक्षण | 161द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |
| 3 | अन्वेषण द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण | द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |
| 4 | पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा घटना रूथल का निरीक्षण | विशेष अपराधो की स्थिति मे सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी व अन्य पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वाराघटना स्थल का निरीक्षण किया जाता है। | यथाशीघ्र |
| 5 | साक्ष्य का संकलन | द0प्र0सं0 के अनुसार | कार्यवाही यथाशीघ्र |
| 6 | साक्ष्य का संकलन | द0प्र0सं0 के अनुसार | निरीक्षण के समय |
| 7 | अभियुक्तों की गिरफ्तारी | द0प्र0सं0 के अनुसार | निरीक्षण के समय |
| 8 | संस्वीकृति का लिखा जाना | द0प्र0सं0 के अनुसार | निरीक्षण के समय |
| 9 | पुलिस / न्यायिक अभिरक्षा का रिमाण्ड प्राप्त करना | द0प्र0सं0 के अनुसार | निरीक्षण के समय |
| 10 | तलाशी | द0प्र0सं0 के अनुसार | निरीक्षण के समय |
| 11 | निरूद्धि | द0प्र0सं0 के अनुसार | निरीक्षण के समय |
| 12 | अभियोग दैनिकी का तैयार किया जाना | द0प्र0सं0 के अनुसार | निरीक्षण के समय |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **13** | आरोप–पत्र का दाखिल करना | द0प्र0सं0 के अनुसार | निरीक्षण के समय |

## 3.2 नियन्त्रण कक्षः–

जनपद के नियन्त्रण कक्ष कमाण्ड और कन्ट्रोल संघटन के रूप मे जनपद के तंत्रिका तन्त्र की तरह कार्य करता है जो कानून व्यवस्था अपराध, यातायात समस्या व अन्य संगत समस्याओ की सूचना प्राप्त करता है तथा स्थानीय पुलिस को उस स्थिति से निपटने के लिये आवश्यक निर्देश देता हे। बाढ़ व अन्य दैवीय अपदाओ के सम्बन्ध मे तत्परता से कार्य करता है। जनपद मे वर्तमान मे निम्नलिखित नियन्त्रण कक्ष स्थापित है।

| क0सं0 | नियंत्रण कक्ष | टेलीफोन नं0 | कार्य |
|---|---|---|---|
| 1 | यूपी–112 | 112 | जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में पीआरवी संचालित है, सूचनाओ को प्राप्त कर तद्नुसार कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को तत्काल अवगत कराया जाता है |
| 2 | जिला नियन्त्रण कक्ष | 9454401893 | जनपद के सम्बन्ध मे सूचनाओ को प्राप्त कर तद्नुसार कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को तत्काल अवगत कराया जाता है |
| 3 | नगर नियन्त्रण कक्ष | 9454417455 | नगर नियन्त्रण कक्ष मे चीता मोबाइल विभिन्न क्षेत्रों मे नियोजित है जो किसी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुॅचकर स्थिति को नियन्त्रित करते है |
| 4 | फायर नियन्त्रण कक्ष | 101 | फायर नियन्त्रण कक्ष मे फायर सर्विस की गाडिया उपलब्ध रहती है। पूरी एक टीम प्रत्येक समय टर्न आउट की स्थिति मे रहती है जो किसी भी आग लगने की सूचना पर 05 मिनट के अन्दर पर अपने गनतव्य को रवाना होती है। |
| 5 | वूमेन पावर लाइन | 1090 | वूमेन वापर लाइन मे महिलाओ की समस्याओ छेडखानी उत्पीडन की सूचना के निदान के लिये 1090 नं0 टोल फ्री नं0 उपलब्ध कराया गया है जिसके द्वारा वो अपनी समयस्याओ की सूचना नोट कराती है जिस पर त्वरित कार्यवाही होती है। |

इन नियन्त्रण कक्षो पर 24 घण्टे कन्ट्रोल रूप आपरेटर की नियुक्ति रहती है। इन पर दी गयी सूचनाओ को तत्काल लागबुक मे लाग किया जाता है तथा सम्बन्धित को कार्यवाही हेतु सूचित किया जाता है। वर्षकाल मे बाढ नियन्त्रण कक्ष की भी स्थापना आवश्यकतानुसार की जाती है।

## 3.3 शिकायतों के निस्तारण की प्रकिया :–

### 3.1.1 थानों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रकियाः–

| क0सं0 | कार्य | किसके द्वारा कार्यवाही होगी | कार्यवाही की समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | थाने पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर उसकी प्राप्ति स्वीकार करना | थानाध्यक्ष/दिवासाधिकारी/ उपस्थिति कान्स0 मोहर्रिर द्वारा | तत्काल |
| 2 | प्रार्थना पत्र प्रस्तुत वाले का नाम आगन्तुक रजिस्टर में अंकित कराना | दिवासाधिकारी/उपस्थित कान्स0 मोहर्रिर द्वारा | अविलम्ब |
| 3 | प्रार्थना पत्र को जनशिकायत रजिस्टर में अंकित करना | उपस्थित कान्स0 क्लर्क द्वारा | अविलम्ब |
| 4 | जॉच अधिकारी नियुक्ति करना व जॉच हेतु सौपना | थाना प्रभारी द्वारा | 1 दिवस |
| 5 | जॉच अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर जॉच करना व आवश्यक कर्यवाही करके रिपोर्ट देना | जॉच अधिकारी द्वारा | 5 दिवस मे |
| 6 | थानाध्यक्ष द्वारा जॉच की समीक्षा करना | थानाध्यक्ष द्वारा | 1 दिवस |
| 7 | जॉच रिपोर्ट पर अग्रेतर कार्यवाही यदि आवश्यक हो, कराना। | थानाध्यक्ष द्वारा | अविलम्ब |
| 8 | जॉच रिपोर्ट की रखरखाव | सम्बन्धित कान्स0 क्लर्क द्वारा | 01 वर्ष तक |

**3.3.2 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से डाक से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रकियाः—**

| कमांक | कार्य | किसके द्वारा कार्यवाही होगी | कार्यवाही की समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आशुलिपिक/ प्रधान लिपिक द्वारा उसकी प्राप्ति स्वीकार करना एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना | आशुलिपिक/प्रधान लिपिक द्वारा | 01 दिवस में |
| 2 | प्रार्थना—पत्र को डाकबही रजिस्टर मे अंकित करना व जॉच अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करना | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोपनीय कार्यालय /प्रधान लिपिक | 01 दिवस मे |
| 3 | जॉच अधिकारी द्वारा जॉच एवं आवश्यक कार्यवाही करके जॉच आख्या प्रेषित करना | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी/ प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा | 07 दिवस मे |
| 4 | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जॉच रिपोर्ट का परिशीलन करके अन्तिम आदेश करना | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा | 01 दिवस मे |
| 5 | प्रार्थना पत्र मय जॉच रिपोर्ट के दाखिल दफ्तर करना | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की प्रधान लिपिक शाखा द्वारा | 01 दिवस में |
| 6 | जॉच रिपोर्ट का रख—रखाव | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की प्रधान लिपिक शाखा द्वारा | 01 वर्ष तक |

**3..3.3 मुख्यमंत्री सन्दर्भ, जिलाधिकारी सन्दर्भ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सन्दर्भ, सम्पूर्ण समाधान दिवस सन्दर्भ, भारत सरकार (पी0जी0 पोर्टल) सन्दर्भ, आनलाइन प्राप्त सन्दर्भ, मण्डलायुक्त सन्दर्भ, एंटी भू—माफिया सन्दर्भ स्तर से प्राप्त प्रार्थना पत्रो की निस्तारण की प्रकियाः—**

| क0सं0 | कार्य | किसके द्वारा कार्यवाही होगी | कार्यवाही की समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रार्थना पत्र का परिशीलन करके सम्बन्धित अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी या थानाध्यक्ष को जॉच हेतु आदेशित करना | पुलिस अधीक्षक द्वारा | 01 दिवस |
| 2 | प्रार्थना पत्र को डाक बही मे रजिस्टर मे अंकित करना व सम्बधित को जॉच हेतु प्रेषित करना | सम्बन्धित लिपिक द्वारा | अविलम्ब |
| 3 | सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी/थानाध्यक्ष द्वारा प्रार्थना पत्र का परिशीलन कर स्वयं जॉच करके अवाश्यक कार्यवाही करना व रिपोर्ट देना | सम्बधित क्षेत्राधिकारी/थानाध्यक्ष द्वारा | 07 दिवस मे |
| 4 | क्षेत्राधिकारी/थानाध्यक्ष कार्यालय के कान्स0 मोहर्रिर के द्वारा आर्डर बुक करना | क्षेत्राधिकारी/थानाध्यक्ष कार्यालय के कान्स0 मोहर्रिर द्वारा | अविलम्ब |
| 5 | पुलिस अधीक्षक द्वारा जॉच रिपोर्ट का परिशीलन करके सही पाये जाने पर सम्बन्धित को रिपोर्ट प्रेषित करना | पुलिस अधीक्षक द्वारा | 02 दिवस |
| 6 | जॉच रिपोर्ट का रख—रखाव | पुलिस अधीक्षक के गोपनीय कार्यालय के कान्स0 मोहर्रिर द्वारा | 02 वर्ष तक |

**3.3.4 थाना पंचायत दिवस मे थाना स्तर पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रकियाः—**

उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः— 2021पी/छः पु—3/2005 दिनांक 21.06.2005 गृह(पुलिस) अनुभाग—3 के अनुसार थाना पंचायत दिवस मे प्राप्त जनसमस्याओ के निस्तारण की प्रकिया)

जनपद समस्याओ का स्थानीय स्तर निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन द्वारा अनुभव किया जा रहा है कि अधिकारियों से मिलने के समय केवल पीडित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करता है, परन्तु उसकी समस्या का समाधान तब तक सम्भव नही हो सकता है जब तक कि दोनो पक्षों को एक

साथ बुलाकर उनका पक्ष जानकर साम, दण्ड, भेद की नीति के पंचायती तरीके से सुलझाने का प्रयास न किया जाये। इसके लिये थाना सर्वाधिक उपयुक्त स्थल हो सकता है, क्योंकि अधिकांश समस्यायें भूमि विवाद, सरकाश व्यक्तियों द्वारा उत्पीडन, शारीरिक हिसां तथा जोर जबरदस्ती से सम्बन्धित होती है।

1— थाना स्तर पर उभय पक्ष तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में पक्षकारों की एक साथ सुनवाई कर पंचायती तरीके से अधिकांस समस्याओ का मौके पर ही त्वरित निदान सम्भव हो सकता है।

2— थाना स्तर पर जन सामान्य के प्रति संवेदनशीलता का अभाव होने और लोगों के मन मे थाना जाने के प्रति भय की भावना विद्यमान होने के कारण यह आवश्यक है कि इस प्रकार की कार्यवाही के दिन प्रत्येक थाने पर एक राजपत्रित अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष व पुलिस के विरूद्ध भी यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उक्त अधिकारी उसका संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक/जिलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट भेज सकते है, इससे लोगों का थोन पर जाने मे संकोच हटेगा तथा उनमे थाना जाने के प्रति व्याप्त भय की भावना भी समाप्त होगी और थाने मे प्रभुत्व एवं अधिकारिता के माहौल में पंचायती ढंग से समस्याओ को निपटाने का प्रयास अपेक्षाकृत अधिक परिणामदायक हो सकता है।

3— इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु थाना पंचायत दिवस का आयोजन कराये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। इस सम्बन्ध मे निम्नवत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेः—

(क) प्रत्येक शनिवार को थाना पंचायत दिवस का आयोजन प्रातः 10 बजे से किया जाये और उस दिव समस्त राजस्व एवं पुलिस कर्मी थाने पर उपस्थित रहेगें।

(ख) थाना पंचायत दिवस के अवसर पर उपस्थित होकर नेतृत्व प्रदान करने हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों का एक रोस्टर बनाया जाये जो प्रत्येक त्रैमासिक बदला जाया करेगा।

(ग) थाना पंचायत दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों मे उभयपक्ष की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति मे उनका पक्ष जानकर आपसी सहमति से समस्या का निराकरण किया जायेगा। ऐसे निस्तारित प्रत्येक मामले का इन्द्राज जी0डी0 मे किया जायेगा, ताकि भविष्य मे इसी सम्बन्ध मे पुनः शिकायत का अवसर उत्पन्न होने पर उक्त इन्द्राज के आधार पर वैधानिक कार्यवाही करना सम्भव हो सके।

(घ) जिन मामलों में मौका मुवायना की आवश्यकता होा, उसमें 12:00 बजे के बाद पुलिस व राजस्व कर्मियो की टीमे गठित कर मौके पर भेजी जायेगीा। महत्वपूर्ण प्रकरणों मे थानाध्यक्ष तहसीलदार, उप जिला मजिस्ट्रेट तथा क्षेत्राधिकारी की टीमे मौके पर जायेगी और मौका निरीक्षण कर उभयपक्ष की आपसी सहमति से समस्या का निराकरण करेगें।

(ड) थाना पंचायत दिवस में प्रधानो की भी उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाये। इससे समस्याओं के निराकरण मे सुविधा रहेगी।

(च) थाना पंचायत दिवस का पूरा लाभ जनसामान्य को मिल सके, इसके लिये सभी सम्भव उपायों द्वारा इसका व्यापक प्रचार—प्रसार कराया जाये।

(छ) इस सम्बन्ध मे प्रगति समीक्षा जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्त के स्तर पर की जायेगी। उनके द्वारा शासन को भी प्रति माह अवगत कराया जायेगा।

### 3.3.5 फायर सर्विस ईकाई द्वारा किये जाने वाले निरीक्षणों की प्रकियाः—

| क0सं0 | प्रतिष्ठान | पत्र/आदेश प्राप्ति का स्थान | निरीक्षण(द्वारा) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पेट्रोल/डीजल पम्प | जिलाधिकारी कार्यालय से | अग्निशमन अधिकारी | 15 दिवस |
| 2 | पेटी/डीलर(फुटकर डीजल/पेट्रोल) | जिलाधिकारी, जिलापूर्ति अधिकारी कार्यालय से | प्रभारी अग्निशमन अधिकारी | उपरोक्त |
| 3 | गैस एजेन्सी | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 4 | विस्फोटक पदार्थ | जिलाधिकारी कार्यालय से | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 5 | सिनेमा हाल | जिलाधिकारी/मनोरंजनकर अधिकारी कार्यालय | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 6 | होटल/लाज/रेस्टोरेन्ट धर्मशाला | जिलाधिकारी/पर्यटन अधिकारी कार्यालय से | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 7 | व्यावसयिक भवन | कार्यालय विकास प्राधिकरण/आवास विकास निगम | उपरोक्त | उपरोक्त |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | फैक्ट्री | कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र | उपरोक्त | उपरोक्त |

**3.3.6.2** **<u>मोटर वाहन अधिनियम1988 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध व जुर्माना</u>**

**<u>अधिसूचनाः—</u>**

**मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध व जुर्माना :—**

मोटर वाहन अधिनियम 1988 अधिनियम संख्या 59 सन् 1988 की धारा 200 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल नीचे दी गई अनुसूची के स्तम्भ 2 में उल्लिखित अधिकारियों को स्तम्भ–4 में उल्लिखित धाराओं के अधीन किये गये और दण्डनीय यातायात अपराधों का उक्त अनुसूची के स्तम्भ–5 में प्रत्येक के समक्ष विर्निदिष्ट धनराशि के साथ शमन करने के लिये प्राधिकृत करते हैं।

**<u>अनुसूचीः—</u>**

| क्र0 सं0 | अधिकारी जिसे समन करने के लिए प्राधिकार प्रदत्त किया गया है | अपराध | धारा, जिसके अधीन अपराध दण्डनीय होगा | विनिर्दिष्ट शमन धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | नागरिक पुलिस / यातायात पुलिस के राजपत्रित अधिकारी और यातायात पुलिस के निरीक्षक / उपनिरीक्षक और जिले की अधिकारिता के भीतर नियुक्त समस्त थानेदार | अन्य व्यक्ति को ड्राईविंग लाइसेंस देना | मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 177 के साथ पठित धारा 6 (2) | |
| 2. | उपरोक्त | 12 माह से अधिक समय तक अन्य राज्य के पंजीकरण संख्या का उपयोग करना | मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 177 के साथ पठित धारा 47 | |
| 3. | उपरोक्त | मांग किये जाने पर ड्राईविंग लाइसेंस पस्तुत करने में विफल रहना | मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 130 (1) और धारा 177 | |
| 4. | उपरोक्त | 1—वाहन चलाते समय वाकमेन का उपयोग करना | मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा के साथ पठित केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 केनियम 21 के उपनियम (6) (घ) और 25 | |
| 5. | उपरोक्त | ड्राईवर द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किया जाना (यातायात लाल प्रकाश / पीला प्रकाश लगातार) और बिना संकेतकों के गली बदलना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के साथ पठित धारा 119 | |
| 6. | उपरोक्त | ड्राईवर द्वारा विनिर्दिष्ट यातायात संकेतकों का उपयोग न करना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के साथ पठित धारा 121 | |
| 7. | उपरोक्त | तीन सवारी के साथ दो पहिया वाहन चलाना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के साथ पठित धारा 128 | |
| 8. | उपरोक्त | सार्वजनिक स्थान पर खतरनाक ढ़ंग से यान को | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के साथ | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | पार करना | पठित धारा 122, 126 | |
| 9. | उपरोक्त | चार पहिया यान के ड्राईवर तथा आगे की सीट पर बैठाने वाले सवारी द्वारा सीट–बेल्ट का उपयोग न किया जाना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के साथ पठित केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 का नियम 139 (3) | |
| 10. | उपरोक्त | 1–बिना नम्बर प्लेट के यान चलाना<br>2–नम्बर प्लेट का विहित प्रारूप में न बना होना। अंकों अथवा अक्षरों का विहित रूप और आकार में न होना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के साथ पठित केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 का नियम 50 मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के साथ पठित केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 कर नियम 51 | |
| 11. | उपरोक्त | विधि के अनुसार निर्देशों का अनुसरण न किया जाना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 179 (1) | |
| 12. | उपरोक्त | असत्य सूचना देना अथवा सूचना छिपाना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 179 (2) | |
| 13. | उपरोक्त | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 3 एवं 4 के विरूद्ध किसी अन्य व्यक्ति को अपरा वाहन देना और चलाने की अनुमति देना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 180 के साथ पठित धारा 5 | |
| 14. | उपरोक्त | अवयस्क व्यक्ति द्वारा किसी सार्वजनिक स्थान पर वहन चलाया जाना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 181 के साथ पठित धारा 5 | |
| 15. | उपरोक्त | सार्वजनिक स्थान पर बिना ड्राईविंग लाइसेंस के यान चलाना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 181 के साथ पठित धारा 3 | |
| 16. | उपरोक्त | विहित गति सीमा से अधिक गति से यान चलाना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 183 के साथ पठित धारा 112 | |
| 17 | उपरोक्त | मोटरयान खतरनाक रूप से चलाना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 184 | |
| 18. | उपरोक्त | मानसिक अथवा शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति द्वारा यान चलाया जाना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 186 | |
| 19. | उपरोक्त | सार्वजनिक स्थल पर सड़क सुरक्षा, ध्वनि नियंत्रण और वायु प्रदूषण के विहित मानकों का उल्लंघन करना | मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 190 (2) | |

| क्र0सं0 | अपराध का विवरण | धारा | अधिकतम जुर्माना व सजा |
|---|---|---|---|
| 1. | मोटर चालक द्वारा बिना लाईसेन्स गाड़ी चलाना | 3/181 | |
| 2. | किसी अवयस्क द्वारा मोटर गाड़ी चलाना या उससे चलवाना | 4/181 | |
| 3. | बिना लाईसेन्स गाड़ी चलाना | 5/181 | |
| 4. | बिना पंजीकरण गाड़ी को चलाना | 39/192 | |
| 5. | निफिटनेस कराये गाड़ी चलाना | 56/192 | |
| 6. | परमिट के नियमों का उल्लंघटन करना या बिना परमिट गाड़ी चलाना | 66/192 | |
| 7. | गति सीमा से अधिक गाड़ी चलाना | 112/183 | |
| 8. | एक दिशा मार्गों के नियमों का उल्लंघन करना | 115/194 | |
| 9. | वैधानिक प्रतिबन्धों का उल्लंघन करना या यातायात नियमों का उल्लंघन करना | 115/194 | |
| 10. | शांति क्षेत्र में अज्ञाओं का उल्लंघन करना | 115/194 | |
| 11. | प्रतिबन्धित क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करना | 115/194 | |
| 12. | बिना किसी संकेत के स्टेयरिंग का बायी तरफ होना | 120/177 | |
| 13. | यातायात चिन्हों का पालन न करना | 119/177 | |
| 14. | बिना सकेत के गाड़ी चलाना | 121/177 | |
| 15. | खतरनाक दिशा में गाड़ी खड़ी करना जिससे यातायात बाधित हो | 122/177 | |
| 16. | गाड़ी की छत बोनट, पायदान पर बैठकर यात्रा करना या ले जाना | 123/177 | |
| 17. | बिना टिकट यात्री वाहन में यात्रा करना | 124/178 | |
| 18. | किसी दुपहिया वाहन पर दो सवारी से अधिक बैठाना | 128/177 | |
| 19. | बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाना | 129/177 | |
| 20. | किसी मोटर चालक से लाइसेन्स व गाड़ी के कागज मांगने पर पेंशन करना | 130/177 | |
| 21. | किसी कन्डैक्टर के द्वारा उसका ड्राईविंग लाइसेन्स मांगने पर पेंशन कर पाना | 130/177 | |
| 22. | किसी टैक्सी या तिपहिया टैम्पो द्वारा सवारी ले जाने से इन्कार करना | 178 (3) | |
| 23. | पुलिस अधिकारी द्वारा गाड़ी रोकने पर | 132/179 | |
| 24. | स्टॉप लाइन का उल्लंघन | 17/177 | |
| 25. | दोषपूर्ण नम्बर प्लेट का वाहन में लगा होना | 17/177 | |
| 26. | अधिक धुँआ वाहन से निकलना | 190 (2) | |
| 27. | बिना इन्श्योरेन्स के वाहन चलाना | 146/196 | |
| 28. | भार वाहन में पशुओं कोले जाना | 59/177 | |
